an>

Title: Need to return the money deposited by retired persons in Post Office at Jamshedpur, Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर, झारखण्ड के जमशेदपुर डाकघर में पिछले वर्ष जुलाई-अगस्त, 2015 में सेवानिवृत्त बुजुर्गों के जमा एम.आई.एस. खातों से कथित रूप से डाक विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से करोड़ों रूपयों की अवैध निकासी कर ली गई, लेकिन अभी तक भुक्तभोगियों का पैसा डाक विभाग द्वारा वापस नहीं दिया गया है। जबकि जांच करने के बाद पता चला है कि सारे पैसों की निकासी कथित रूप से जमशेदपुर डाकघर के अफसरों, कर्मचारियों की मिलीभगत से हुई है। जिसके कारण आज सभी बुजुर्ग दर-दर की ठोकर खाने को विवश है एवं उनकी आर्थिक हालत बहुत खराब हो गई है। अगर उनके जीवनकाल में ही डाक विभाग से पैसा वापस मिल जाये तो बचे हुए जीवन को सुख-शान्ति एवं चैन से जी पायेंगे। सेवानिवृत्त बुजुर्गों ने एम.आई.एस./आर.डी. के सभी खाताधारकों ने इस आशय का अनुरोध किया है।

अतः माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि उपरोक्त तथ्यों को देखते हुए जांच में जो भी दोषी पाये गये हैं उनके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करते हुए एम.आई.एस./आर.डी., सेवानिवृत्त बुजुर्गों के सभी खाताधारकों का पैसा जल्द से जल्द दिलवाने की कृपा की जाये।